बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्सः– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेलः– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में आज दिनांक 22.01.2024 को बिहार राज्य की निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कर दिया गया है। निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन में निर्वाचकों की कुल संख्या 7,64,33,329 है। इनमें पुरूष निर्वाचक – 4,00,29,136, महिला निर्वाचक 3,64,01,903 तथा तृतीय लिंग के निर्वाचकों की संख्या 2,290 है। प्रारूप प्रकाशन में लिंगानुपात 907 था जो बढ़कर 909 हो गया है। बिहार राज्य में निर्वाचक सूची के लिंगानुपात में सतत् वृद्धि हुई है।

प्रारूप प्रकाशन की तिथि 27.10.2023 के पश्चात् निर्वाचक सूची में कुल 28,95,191 निर्वाचकों का नाम जोड़ा गया है एवं इस अवधि में कुल 16,85,844 निर्वाचकों का नाम नियमानुसार विलोपित कर दिया गया है। इस प्रकार से निर्धारित अवधि में निर्वाचकों की कुल संख्या में बढ़ोतरी 12,09,347 हुई है, जिनमें पुरूष निर्वाचकों की संख्या में बढ़ोतरी 5,78,766 तथा महिला निर्वाचकों की संख्या में बढ़ोतरी 6,30,597 रहीं है। निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन से संबंधित अन्य संख्यात्मक विवरणी निम्नवत् है :–

क्र० सं०	विषय	अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर दिनांक 27.10.2023 को निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन की सांख्यिकी	अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर दिनांक 22.01.2024 को निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन की सांख्यिकी	कुल अंतर
1	निर्वाचक की कुल संख्या	7,52,23,982	7,64,33,329	12,09,347
2	पुरूष निर्वाचक की कुल संख्या	3,94,50,370	4,00,29,136,	5,78,766
3	महिला निर्वाचक की कुल संख्या	3,57,71,306	3,64,01,903	6,30,597
4	तृतीय लिंग निर्वाचक की कुल संख्या	2306	2,290	–16
5	निर्वाचक सूची का लिंगानुपात	907	909	2
6	निर्वाचक सूची का EP Ratio	0.586	0.596	0.010
7	सेवा निर्वाचकों की संख्या	1,66,997	1,67,469	472

उक्त अवधि में आयुवर्ग–वार निर्वाचकों की संख्या निम्नवत् हैः–

Age Cohort	Electors as per Draft Roll w.r.t. 01.01.2024 (Age group wise)	Electors as per Final Roll w.r.t. 01.01.2024 (Age group wise)	Total Increase
18-19	147062	926422	779360
20-29	14600808	16061649	1460841
30-39	20070037	20023414	-46623
40-49	16540069	16364751	-175318
50-59	11234901	11037804	-197097
60-69	7122691	6943665	-179026
70-79	3850862	3625208	-225654
80+	1657552	1450416	-207136
State Total	**75223982**	**76433329**	**1209347**

- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2023 में सक्रिय सहभागिता हेतु दिनांक 28.10.2023, 29.10.2023, दिनांक 25.11.2023, 26.11.2023 एवं दिनांक 02.12.2023 तथा 03.12.2023 को विशेष अभियान दिवस का आयोजन राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों तथा मतदान केन्द्रों में किया गया था।
- भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में निर्वाचक सूची के शुद्धिकरण हेतु Demographically Similar Entry, Photo Similar Entry व अन्य दोहरी प्रविष्टियों के मामलों को नियमानुसार जाँचोपरांत विलोपित करने की कार्रवाई की गयी है।
- निर्वाचक सूची में पंजीकरण के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी के अतिरिक्त 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर भी होंगी। इस तरह से एक अर्हता तिथि न होकर कैलेण्डर वर्ष में चार अर्हता तिथियाँ होंगी।

निर्वाचक सूची में आवेदन हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन विकल्प दोनों उपलब्ध हैं। ऑनलाईन यह सुविधा वोटर हेल्पलाईन एप अथवा voters.eci.gov.in में लॉगइन कर प्राप्त की जा सकती है। ऑफलाइन रूप में आवेदन करने हेतु अपने प्रखंड, अनुमंडल अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है या अन्य वांछित जानकारी प्राप्त करने हेतु मतदाता हेल्पलाईन 1950 का प्रयोग भी किया जा सकता है।